तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पहली बारिश में ही खुली विद्युत विभाग की पोल, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति



(पटवीर) प्रवेश प्रारंभ (कोरबा)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.S.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI मे प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा • इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# बिजली कनेक्शन नहीं, स्मार्ट क्लास के लिए स्कूलों को मिले प्रोजेक्टर बंद पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

लचर बिजली व्यवस्था व कनेक्शन विच्छेद होने के कारण स्मार्ट क्लास बनाने स्कूलों को दिए गए प्रोजेक्टर वर्तमान में अधिकांश स्कूलों में बंद पड़े हुए हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा ऐसे स्कूलों की भी जानकारी तलब की जा रही है, जहा प्रोजेक्टर दिए गए हैं और स्मार्ट क्लास बीते वर्ष तैयार की गई थी।

बदलते दौर में स्कूलों को भी शिक्षा के क्षेत्र में अपग्रेड करने के लिए नये नये प्रयोग किए जा रहे हैं। इनमें स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने शासन की नीति पहले नंबर पर है। जिले में इसके लिए 200 स्कूलों का चयन किया गया था। ऐसे चयनित स्कूलों को स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर का वितरण किया गया। यह देखे बिना कि प्रोजेक्टर के लिए चयनित स्कूलों में बिजली कनेक्शन है या कनेक्शन विच्छेद है या बिजली की व्यवस्था लचर बनी हुई है। प्रोजेक्टर वितरित किए गए। बारिश के कारण वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बिजली कनेक्शन की स्थिति बेहाल बनी हुई है। ब्लॉक मुख्यालय में चलने वाले स्कूलों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। जहां प्रोजेक्टर दिए गए हैं शिक्षण सत्र शुरू होने के ⏭ शेष पेज 3 पर

### 200 स्कूलों को बांटे गए थे प्रोजेक्टर, कहीं चल रहे तो कहीं हुए बंद

**खास बातें**

- मिडिल स्कूल से लेकर हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल को किया गया था चयनित



**स्कूलों में हैं स्मार्ट क्लास**

एलईडी प्रोजेक्टर जिन स्कूलों में दिए गए हैं उनमें स्मार्ट क्लास बनाई गई है जहां स्मार्ट क्लास को लेकर प्रोजेक्टर के नहीं चलने का मामला है तो इसकी जानकारी स्कूलों के प्राचार्यों से मांगी गई है। इसे स्कूलों में और सुधार कार्य किया जाएगा।
-टीपी उपाध्याय,
जिला शिक्षा अधिकारी

### अपडेट नहीं हुए छात्र

स्मार्ट क्लास जिन स्कूलों में चलाई गई वहां के छात्र भी नई गाईड लाईन के तहत जिस तरह से अपडेट होना था वे नहीं हो सके। कई विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अन्य कार्यों में संलग्न होने के कारण स्मार्ट क्लास बार बार बाधित होती रही। स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्रों को गणित फिजिक्स, केमेस्ट्री जैसे विषय को नये तरीकों से पढ़ाना शामिल था, लेकिन लचर बिजली व्यवस्था से कई जगह स्मार्ट क्लास के प्रोजेक्टर समय पर चले ही नहीं।

### नागपुर में आयोजित कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड की बैठक में बनी सहमति

# कोल कर्मियों को अपना आवास बनाने के लिए मिलेगा 30 लाख का एडवांस


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कोल कर्मियों के लिए एक अच्छी खबर है। कोल कर्मियों को अब घर बनाने के लिए 30 लाख रुपए तक का एडवांस मिल सकता है। अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी यह पहली बार होगा, जब कोल इंडिया के कर्मचारियों को इतनी राशि बतौर अग्रिम घर बनाने के लिए दी जाएगी।

**खास बात**

- हाउसिंग एंडवांस के तहत राशि मिलने से कर्मचारियों की होगी बल्ले बल्ले

देश की कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया के कर्मचारियों की अब बल्ले बल्ले होने वाली है। यह बात अलग है कि अभी यह मसौदा ड्राफ्ट है, कोल इंडिया बोर्ड से पारित होने के बाद ही यह नियम बन सकता है लेकिन फाइल अब सरकने लगेगी और बहुत जल्द इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। सूत्रों की मानें तो सब कुछ अगर ठीक-ठाक रहा तो आने वाले दिनों में जल्द ही कोल कर्मियों को अपना आशियाना बनाने के लिए किसी बैंक से लोन लेने की जरुरत नहीं पड़ेगी और न ही उन्हें पैसों के लिए मोहताज होना पड़ेगा। कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड की नागपुर में आयोजित बैठक में इसे लेकर चर्चा की गई और सहमति बनाई गई है। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के कार्मिक निदेशक ने की थी। बैठक में चर्चा के दौरान कोल इंडिया के कार्मिक निदेशक ने कोल कर्मियों को 30 लाख रुपए तक हाउस बिल्डिंग एडवांस देने पर सहमति प्रदान की है। जिसके बाद अब आने वाले दिनों में कोयलाकर्मी अपना घर बनाने के लिए कंपनी से 30 लाख रुपए तक एडवांस ले सकेंगे। फिलहाल यह सुविधा कोल इंडिया के कर्मचारियों को नहीं थी। इसके अलावा बैठक में मेडिकल अटेंडेंट रूल में भी बदलाव करने, मेडिकल रीइंबर्समेंट की विस्तृत जानकारी देने पर लगभग सहमति बन गई है। अब सभी रिटायर्ड कोल कर्मियों का भी स्मार्ट कार्ड बनेगा, इसमें कर्मचारियों के बारे में पूरी जानकारी रहेगी।



फाइल फोटो

### बोर्ड की बैठक के बाद बनेगा नियम

यह अलग बात है कि यह अभी ड्राफ्ट प्रस्ताव है, लेकिन पूरी संभावना है कि बोर्ड की बैठक में यह पारित हो जाएगा और उसके बाद कर्मचारियों को भी इसकी सुविधा मिलने लगेगी। यह बात अलग है कि कोल इंडिया अब धीरे-धीरे निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। प्राइवेट प्लेयर्स बढ़ रहे हैं और कंपनी सिकुड़ रही है। बावजूद हाल के दिनों में कई ताबड़तोड़ निर्णय लिए गए हैं, जो कर्मचारी और अधिकारी हित में कहे जा सकते हैं। कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी में भी लचीला रुख हथियार किया गया है तो अधिकारियों के आश्रितों को भी नौकरी देने में लचीलापन अपनाया गया है।

### चिकित्सा के लिए अटेंडेंट की सुविधा में भी होगा बदलाव

पहले चिकित्सा के लिए अटेंडेंट को कर्मचारियों की तरह सुविधा नहीं मिलती थी, परंतु अब उन्हें कर्मचारियों की तरह सुविधा मिलेगी। कंपनी के कई अस्पतालों में अटेंडेंट को आसपास में रहने की सुविधा मिलती थी। परंतु अब यह सुविधा उन्हें वहीं मिलेगी। महत्वपूर्ण निर्णय यह हुआ कि सभी कोल कंपनियों में वेलफेयर मेडिकल खेलकूद आदि की अपडेट स्थिति के निरीक्षण को लेकर कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी में मजदूर संगठन के लोग और कंपनी के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या बाड़ी में लाश फेंककर फरार


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के सिर पर फावड़े से हत्या कर लाश को उसके घर के पीछे बाड़ी में फेंक कर ठिकाने लगाने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर हत्यारे की खोजबीन शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- कोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम जलके मांझाबहरा का मामला
- सीन आफ क्राइम के अधिकारियों की टीम पहुंची मौके पर, पुलिस द्वारा की जा रही है हत्यारे की खोजबीन

जानकारी के अनुसार कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलके के आश्रित ग्राम मांझाबहरा निवासी मंगली बाई पोया की उसके पति बसंत कुमार पोया ने सिर पर फावड़ा मार कर हत्या कर दी है। उसकी लाश को उसके घर के ठीक पीछे स्थित बाड़ी पर फेंककर हत्यारा पति फरार हो गया है। बताया जाता है कि सुबह जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो इसकी सूचना कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान को दी गई। हत्या की सूचना पाते ही कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### दालों की जमाखोरी रोकने करें नियमित निरीक्षण, निर्देश

**कोरबा।** दालों की जमाखोरी रोकने के संबंध मे कलेक्टर अजीत बसंत ने दाल के व्यापारियों को भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन कराने तथा सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, खाद्य निरीक्षक सहायक खाद्य अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने कहा है भारत सरकार द्वारा तक नियम के अनुसार थोक विक्रेताओं के पास प्रत्येक दाल का 200 मेट्रिक टन, खुदरा व्यापारियों को 5 मेट्रिक टन, बिग चैन रिटेलर एवं प्रत्येक खुदरा आउटलेट पर 5 मेट्रिक टन और डिपो में 200 मेट्रिक टन, से अधिक स्टॉक नहीं होना चाहिए।

### प्रदीप्त कुमार बने एनटीपीसी के नए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक

**कोरबा।** एनटीपीसी नवा रायपुर के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पश्चिम क्षेत्र-2 और यूएसएससी प्रदीप्त कुमार मिश्रा ने कार्यभार संभाल लिया है। इसके पहले मिश्रा एनटीपीसी केंद्रीय कार्यालय में कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वर्ष 1986 में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक मिश्रा कार्यकारी एनटीपीसी कंपनी में प्रशिक्षु पद पर अपने सेवाकाल की शुरुआत की। पेसिल्वेनिया विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है।

### आलोक बने सिविल विभाग के एचओडी

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में महाप्रबंधन (सिविल) के पद पर पदस्थ आलोक कुमार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए एसईसीएल मुख्यालय में सिविल विभाग का एचओडी नियुक्त किया गया है। श्री कुमार को यह जिम्मेदारी उनके कुशल कार्यशैली, कार्यानुभव और बेहतर टीम वर्क को देखते हुए मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। आलोक कुमार ने कुसमुंडा क्षेत्र में विगत एक वर्ष के कार्यकाल में कई बड़े कार्य को क्रियाशील किए हैं जिनमें मुख्य तौर पर 750 नए आवासों का निर्माण महाप्रबंधक कार्यालय का विस्तार, ट्रांसिट हाउस, स्पोर्टस काम्प्लेक्स, कॉलोनी की मुख्य सड़क शामिल हैं। उनकी कार्यशैली निश्चिततौर पर कंपनी को और भी उंचाईयों तक पहुंचाएगी।



### छग राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**कोरबा।** छग राज्य विद्युत मंडल से संबद्ध जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं वितरण विभाग से सेवानिवृत्त पेंशनरों, जिला इकाई कोरबा के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों तथा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि छग राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 3 जुलाई की शाम 4 बजे सीनियर क्लब कोरबा पूर्व एवं 5 जुलाई को शाम 4 बजे एरेक्टर हॉस्टल कोरबा पश्चिम में आयोजित की गई है।

## उत्पादों की मार्केटिंग के लिए भरपूर प्रयास करें एफपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसान उत्पादक संगठन के गठन एवं संवर्धन के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एफपीओ से संबंधित सभी आवश्यक विषयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी एफपीओ अपने उत्पादों की मार्केटिंग के लिए भरपूर प्रयास करें, जिससे ग्रामीणों, किसानों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक संजीव प्रधान, सभी एसडीएम, कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पषुपालन, एफपीओ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**खास बात**

- एफपीओ के गठन एवं संवर्धन के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

कलेक्टर ने जिले में एफपीओ को मिले लाइसेंस की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को निर्देशित किया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 जुलाई के पूर्व सभी एफपीओ को लाइसेंस जारी किए जाएं। बैठक में जिले में सेंट्रल सेक्टर स्कीम एवं विभागीय योजना के तहत एफपीओ के गठन एवं संवर्धन की दिशा में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित एफपीओ को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न लाइसेंस, इनपुट लाइसेंस (खाद, बीज, कीटनाशक), मंडी लाइसेंस, जीएसटी लाइसेंस, एफएसएसएआई लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मिश्रा द्वारा लखपति दीदी पहल के संबंध में विभाग प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए जिले की एनआरएलएम से जुड़ी हुई समूह की महिलाओं के आमदनी बढ़ाने हेतु उन्हें विभागीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।

## राजीव मितान क्लब की राशि वसूलने विभाग को बहाना पड़ रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन द्वारा पूर्व सरकार के समय खेल गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में राजीव मितान क्लब का गठन कर 4 किस्तों में दी गई एक लाख रूपये की राशि में शेष बची राशि को वसूलने के लिए खेल विभाग को पसीना बहाना पड़ रहा है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई है, उक्त राशि की वसूली कर उसे ट्रेजरी में जमा कराया जाएगा।

**खास बातें**

- जिले में 562 क्लब का किया गया था गठन, प्रत्येक क्लब को मिले थे एक लाख रुपए
- जनवरी माह में क्लब के बैंक खातों को किया गया था सीज

लगभग 6 माह पूर्व कांग्रेस सरकार के समय राजीव मितान क्लब का गठन कर सभी जिलों को एक एक लाख रूपये की राशि 4 किस्तों में जारी की गई थी। इस राशि से शहरी और ग्रामीण अंचलों में क्लब का गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष व सचिव के नाम से बैंक खाते खुलवाए गए थे और राज्य शासन से मिलने वाली राशि को चार किस्तों में खेल विभाग के द्वारा क्लब के अध्यक्ष व सचिव के खाते में जारी किया गया था। उक्त राशि से खेल के आयोजन, सामाजिक कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में एक साथ किया गया। जिससे सामने आई खेल एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। दिसंबर में नई सरकार बनने के बाद पूर्व सरकार के समय जारी की गई विभिन्न योजनाओं में समीक्षा की गई, जिसमें राजीव युवा मितान क्लब को जारी राशि की समीक्षा के बाद जनवरी प्रथम सप्ताह में शासन ने एक आदेश जारी कर सभी क्लब के अध्यक्ष सचिव के बैंक खातों को सीज कर दिया गया और उसके बाद से खाते में शेष बची राशि को वसूलने की कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए। तब से जिला प्रशासन उस कार्यवाही पर अमल कर रहा था। जून माह में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से नये आदेश जारी कर खाते में बची शेष राशि को वसूलने का निर्देश दिया गया है। बाद से खेल युवक कल्याण विभाग के अधिकारी लगातार सभी क्लब के अध्यक्ष सचिव को पत्र जारी कर राशि वापस कराने के निर्देश दिए हैं।

### समिति हुई थी गठित

राजीव युवा मितान क्लब का गठन कर उसके संचालन के लिए तीन स्तरीय समितियों का गठन किया गया था। पहली समिति जिला स्तर पर गठित की गई थी। दूसरी समिति अनुभाग स्तर पर बनाई गई और तीसरी समिति ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई थी। तीनों समितियों के देखरेख एवं मार्गदर्शन में राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत सभी तरह की सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है।

### चालान से जमा होगी राशि

इस संबंध में बताया जाता है कि क्लब के अध्यक्ष सचिव के बैंक खाते में भेजी गई एक लाख रूपये की राशि में जितनी राशि खर्च नहीं की गई है उतनी राशि को बैंक से वापस लिए जाने हेतु क्लब के अध्यक्ष सचिव के हस्ताक्षर से राशि सीधे जिला प्रशासन को वापस होगी, जिसे ट्रेजरी में जमा कराया जाएगा किंतु अब तक केवल पत्र जारी करने की ही कार्यवाही चलती रही है। किसी भी क्लब से राशि वसूलने का काम शुरू नहीं हो सका है, हालांकि चुनाव की वजह से सभी तरह के शासकीय कार्य रूके हुए थे, जिसमें यह भी एक कार्य शामिल था।

**जारी किया जा रहा पत्र**

राजीव युवा मितान क्लब को दी गई कुल राशि में से जो राशि बैंक खातों में शेष बची है उसकी वसूली के लिए क्लब के पदाधिकारियों को पत्र जारी किया जा रहा है।
-दीनू पटेल,
जिला खेल अधिकारी

### हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखने वन विभाग की टीम रहे सतर्क

# जंगली हाथियों से किसी तरह की न हो जनहानि : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मानव-हाथी द्वन्द्व रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी-मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस संबंध में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**खास बात**

- कलेक्टर की अध्यक्षता में मानव हाथी द्वंद रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक


बैठक लेते कलेक्टर।


कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखने में लगी टीम को सतर्क रहने एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी विचरण क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाने वाले हाईटेंशन विद्युत तारों को दुरुस्त कराते हुए निर्धारित ऊंचाई तक बढ़ाने की बात कही। इस हेतु विद्युत विभाग को वन विभाग के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुसार इन क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले विद्युत तारों की आवश्यकतानुसार ऊपर बढ़ाने एवं वनांचलों में अवैध कनेक्शन पर भी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने वनांचलों में अवैध महुआ लाहान, महुआ शराब के निर्माण व भण्डारण पर भी निरंतर कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों एवं जनहानि की घटनाओं पर यथाशीघ्र मुआवजे का वितरण कराने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया। कोरबा एवं कटघोरा वनमण्डलाधिकारी द्वारा जिले में हाथी-मानव द्वन्द रोकने की दिशा में विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों के आगमन की सूचना ग्रामीणों को विभाग द्वारा प्राथमिकता से दी जाती है एवं ग्रामीणों को अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, सभी एसडीएम सहित विद्युत, कृषि, उद्यानिकी, सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पार्षद के हस्तक्षेप के बाद शुरु हुआ नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

.निगम के वार्ड क्रमांक 13 में जारी नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा की जा रही देरी को देखते हुए वार्ड पार्षद रितु चौरसिया ने मोर्चा खोला दिया। पार्षद द्वारा निगम आयुक्त से नाली निर्माण में देरी को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद नाली निर्माण कार्य को पुनः शुरु कर दिया गया है जिससे वार्डवासियों ने राहत की सांस ली है।

टीपी नगर क्षेत्र के निवासरत लोग लंबे समय से नाली निर्माण कार्य की धीमी गति से परेशान थे। ठेकेदार द्वारा देरी के कारण इलाके में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए पार्षद रितु चौरसिया ने नगर निगम आयुक्त से संपर्क किया और उन्हें इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराया। पार्षद रितु चौरसिया के इस कदम के बाद नाली निर्माण कार्य को फिर से प्रारंभ किया गया। बारिश के बीच पार्षद रितु चौरसिया ने सड़क पर उतरकर नाली निर्माण कार्य की निगरानी सुनिश्चित की। जिससे कार्य तेजी से और सही तरीके से संपन्न हो। इस दौरान निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे। जिनमें एके शुक्ला (ईई नगर निगम), राहुल कुमार (इंजीनियर), सोमनाथ ठहरे (सब इंजीनियर), पुरुषोत्तम शर्मा और धनश्याम अग्रवाल की भी भूमिका रही। ⏭ शेष पेज 3 पर



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

लाइफ Style



# तब्बू

## फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बड्र्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बड्र्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।




# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला




# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के



पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'

# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है।




सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।

# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्पेरेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

*मुंबई। सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया है।*

### स्टेनली का डब्बा


'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।






### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## खबर संक्षेप



### नृत्यांगना इशिता का सांस्कृतिक प्रतिभा खोज स्कॉलरशिप योजना में चयन

**कोरबा।** नेशनल स्कॉलरशिप 2023-24 में गायन वादन नृत्य जैसे सभी विधाओं में से चयनित होने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है, जिसमें कोरबा की इशिता कश्यप छत्तीसगढ़ की एक मात्र कथक नृत्यांगना के रूप में चुनी गई है। जो पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सांस्कृतिक श्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा वर्ष 1982 से प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कला के पारंपरिक रूपों का प्रतिनिधित्व करने वाले कलाकारों को यह छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। बचपन से ही कत्थक नृत्य में उसकी रुचि को देखते हुए उनकी माता अनिता कश्यप एवं पिता रघुनंदन कश्यप ने इशिता को महज 4 वर्ष की उम्र में ही कला गुरु मोरध्वज वैष्णव के सानिध्य में भेजा। इशिता कोलकाता, पुणे, भोपाल, आगरा रायगढ़, बिलासपुर जैसे देश के अनेक बड़े नगरों के आलावा दुबई एवं मलेशिया जैसे विदेशी धरती में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। 11 वर्ष की उम्र में अब तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर 15 बार प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।


### बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता हो रहे हलाकान

**हरदीबाजार।** बरसात शुरू होते ही जहां बिजली की समस्या बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर बिजली गुल होने या मौसम खराब होते ही मोबाईल नेटवर्क भी गायब हो जाता है। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और हरदीबाजार क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता और मोबाईल धारक सभी परेशान हैं, जहां बरसात में बिजली बिना घर अंधेरा हो जाता है। वहीं बिजली गुल होने से रात में जहरीले जीव जंतुओं का ख़तरा बढ़ जाता है। पिछले एक सप्ताह से बिजली की समस्या ज्यादा बढ़ गई है। कही तार टूटते हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर, तो कहीं बंपर फाल्ट की समस्या बढ़ गई है। रात को बिजली गुल हुई तो सुबह बिजली आ रही है, सुबह बिजली गुल हुई तो दोपहर में आ रही है, दोपहर में गुल हुई तो शाम को बिजली आती है। बिजली की समस्या तो बनी हुई है, लेकिन मोबाईल नेटवर्क का है भी यही हाल है। बिजली गुल होते ही मोबाईल से नेटवर्क गायब हो जाता है। मोबाईल का चार्जिंग व डाटा दोनों खत्म हो रहा है, जिसकी गंभीरता न तो बिजली विभाग को है न मोबाईल टावर संचालकों को है। इन सभी की लापरवाही की खामियाजा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पिछले एक सप्ताह से झेलना पड़ रहा है। इस दिशा में बिजली विभाग और मोबाईल टावर संचालकों को इस समस्या को गंभीरता से लेकर अपनी जिम्मेदारी का उचित निर्वाहन करते हुऐ लोगों को सुविधा प्रदान करें।

## निधन

### श्रीमती कुंती बाई डिक्सेना

**कटघोरा।** ग्राम सीस के निवासी हरगोविंद



डिक्सेना संचालक कंप्यूटर सेंटर के माता श्रीमती कुंती बाई डिक्सेना का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम पाली में किया गया। वे अपने पीछे दो पत्र सहित भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं।

# लंबित प्रकरणों पर त्वरित करें कार्रवाई, विलंब पर होगा नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने समय-सीमा की बैठक लेकर में जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों तथा टीएल के लिए प्रेषित प्रकरणों पर समय सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों एवं टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

अलग खबर

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के पात्र युवाओं को आवेदन प्राप्त होने पर शिक्षा विभाग में स्वीकृत तथा रिक्त पदों पर मानदेय के आधार पर नियुक्ति प्रदान करने कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करने और विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने भवन विहीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की सूची तैयार करने तथा एक हफ्ते के भीतर स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की मानदेय आधारित भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण, महिला हॉस्टल में पीवीटीजी को रोजगार के अवसर प्रदान करने, विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर कार्यवाही करने, छात्रावास में नियमानुसार जरूरतमंद अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश देने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में संलग्नीकरण समाप्त करने तथा बिना अनुमति के शिक्षकों का बीईओ द्वारा अटैचमेंट नहीं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लाने, संजय नगर रेल्वे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण कार्य में संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में कार्य करते हुए शासन के नियमानुसार सर्वे का काम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों में रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के निर्देश एसडीएम सहित संबंधित विभागों को दिए और इस कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश भी दिए। बैठक में सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी, एसईसीएल, बाल्को अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने एसईसीएल कॉलोनियों में नालियों की साफ-सफाई, कचरे का उठाव नहीं होने की शिकायत पर एसईसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया कि कॉलोनियों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

### अधिारियों को मुख्यालय में रहने के निर्देश

**खास बातें**

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में की विभागीय कार्यों की समीक्षा



## शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में नए कानूनों को लेकर कार्यशाला

# पुलिस अधिकारी आम लोगों को दे रहे बदले हुए नए कानूनों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

1 जुलाई से पूरे देश में नए कानून लागू हो गए हैं, इसके तहत, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय, हरदीबाजार में एक दिवसीय प्रचार-प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.अखिलेश पाण्डेय तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के मुख्य अधिकारी कुलवंत तिर्की के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं महाविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कोरबा पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक विजय सिंह ने सभा को नई कानून व्यवस्था से अवगत कराते हुए कहा कि इस परिवर्तित कानून व्यवस्था से इस तकनीकी युग में विभिन्न अपराधों के विवेचना के स्तर एवं तरीके दोनों में लंबे समय से प्रतीक्षित परिवर्तन आएंगे; देश में ना केवल अपराध की धाराएं व सजाएं बदलेंगी ब्लकि पुलिस जाँच की प्रक्रिया में भी अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिलेंगे। पुलिस बल की छवि को बेहतर करने के लिए तथा अपराधिक मामलों की जाँच में तेजी लाने के लिए ऑडियो, वीडियो, तस्वीरों, मोबाइल टावर लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और फॉरेंसिक रिपोर्टों पर विशेष बल दिया जाएगा। इतना ही नहीं, अब पीड़ित, आरोपी और गवाहों के बयानों की वीडियो रिकॉर्डिंग्स को किसी प्रकरण से पूर्व न्यायालय में पेश करने का प्रावधान रहेगा। तत्पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कोरबा पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) मनोज मिश्रा ने नए कानूनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन् 1872 में अंग्रेज़ी हुकूमत द्वारा गठित कानूनों पर आधारित अब तक की व्यवस्था का अब अद्यतनीकरण कर दिया गया है।

### कुसमुंडा में नये कानूनों के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

कुसमुंडा में एक जुलाई तीन नए कानून को लोगों तक पहुंचने के लिए कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा द्वारा सामुदायिक भवन में दोपहर 12 बजे विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी द्वारा सेमिनार की गई, जिसमें काफी अधिक संख्या में महिलाओं, व्यापारी पार्षद की उपस्थिती थी। जिसमें नए कानून के संबंध से सुरक्षा के संबंधित बातों पर चर्चा की गई और नए कानून को लोगों तक जानने के लिए विशेष तौर महिलाओं की सुरक्षा के संबंध पर चर्चा के लिए कार्यक्रम रखी गई। क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों के साथ महिला समिति कुसमुंडा थाना स्टाफ एवं पत्रकार लोग उपस्थित हुए और नए कानून पर चर्चा की गई और जानकारी दी गई, जिसे आने वाले नए कानून के नियमों का पालन किया जाना है।

### अंग्रेजों के समय का कानून बदलना जरूरी : हितानंद



वर्षों पुराने अंग्रेजी कानून की जगह लेंगे नए कानून जिसमें दंड के स्थान पर न्याय घर को प्राथमिकता दी जाएगी। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होने के अवसर पर बालकोनगर थाने में थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में समाज के प्रबुद्धजनों, राजनीति से जुड़े लोगों एवं आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया। नए भारत का नया कानून कार्यक्रम के दौरान नए कानूनो के बारे में पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि भारत तो आजाद हो गया लेकिन भारत के नागरिकों को आज भी अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही कानून व्यवस्था झेलनी पड़ रही है जिसमें सुधार की अत्यंत आवश्यकता है।

## सेवानिवृत्त एचटीपीपी के अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई



विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह से माह जून में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

संयंत्र से अधीक्षण अभियंता एम.एस सुरेश एवं शिवहरी सिंह टेकाम, वरिष्ठ पर्यवेक्षक जोसेफ मिंज, अनुभाग अधिकारी युवराज दास वैष्णव एवं गणपत लाल राठौर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक घनाराम साहू, प्यारे लाल कंवर, रामपाल सिंह, अश्वमेर सिंह, अथनस तिर्की, ऋषि कुमार चंद्रा, कृष्ण कुमार कौशिक एवं प्रहलाद कुमार तथा संयंत्र सहा.-दो- स्वामी लाल सोनवानी अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए । जिनके सम्मान में समारोह श्रम कल्याण केन्द्र (जूनियर क्लब), ह.ता.वि.गृ.,कोरबा पश्चिम में 1 जुलाई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयंत्र के कार्यपालक निदेशक(उत्पा.) संजय शर्मा एवं अति. मुख्य अभियंता पी.के स्वेन, सुधीर कुमार पंड्या, एम.के गुप्ता तथा आर.के पांडेय के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख व मंचस्थ विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र व कलाई घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। संजय शर्मा ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी साथियों के दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामनाओं के साथ पावर कंपनी के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को सराहते हुए कहा कि आप सभी ने अपने कार्य को निष्ठा व लगन से करते हुए हमारे संयंत्र की सेवा की हैं। आपका अनुभव, अनुशासन व कार्य के प्रति आपका समर्पण हम सबके लिए प्रेरणास्पद रहेगा। वहीं सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने सुदीर्घ सेवाकाल के अनुभवों एवं संस्मरणों को सभागृह में उपस्थित लोगों के साथ साझा करते हुए संयंत्र की उन्नति एवं प्रगति तथा कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के सुखी एवं समृद्ध जीवन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में सभागृह में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा किया गया।

# जागरूकता व शीघ्र उपचार से शिशु मृत्यु दर में लाई जा सकती है कमी: पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन का विधायक प्रेमचंद पटेल के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है। जिसका शीघ्र निदान एवं उपचारी से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी, जिला टीकाकरण अधिकारी कुमार पुष्पेष, डीपीएम पद्माकर शिंदे, बीएमओ कटघोरा बजरंग पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**खास बात**

- विधायक पटेल ने कसिया स्टाप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ

सीएमएचओ ने अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित जल के जमा होने से वायरल बैक्टेरियल सहित अन्य परजीवी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चों को डायरिया हो सकता है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों की दस्त व कुपोषण से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने व आमजन को जागरूक करने के उद्देष्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से लोगों में स्वच्छता, पौष्टिक आहार, हाथ धोने की सही विधि के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा नौनिहालों को डायरिया से मुक्त करने के लिए ओआरएस तथा जिंक टेबलेट का घर घर जाकर वितरण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिन्हित स्थानों पर ओआरएस तथा जिंक कॉर्नर स्थापित किया गया है।

### पैरों की निशानी लेकर दिलाया गया प्रवेश



**हरदीबाजार।** शासकीय प्राथमिक शाला सराई सिंगार में मंगलवार को नव प्रवेशी बच्चों का बड़े हर्ष उल्लास के साथ शाला प्रवेश मनाया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रेमचंद पटेल ने नए छात्रों के पैरों की निशानी लेकर उनके दाखिले की प्रक्रिया को यादगार बनाया और नव प्रवेसी बच्चों को कापी पुस्तक और टाई बेल्ट वितरण कर सभी उपस्थित बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए और उपस्थित बच्चों के पलकों से आग्रह किया कि सभी अपने बच्चों को विद्यालय भेजें ताकि शिक्षा की मंदिर में सभी विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम को जनपद सदस्य अनिल टंडन एवं विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल पटेल ने भी सभी उपस्थित बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान किया। इस कार्यक्रम में नेवता भोज का कार्यक्रम हरदीबाजार पशु चिकित्सालय की ओर से डॉ.मयंक गोस्वामी के सुपुत्र स्व. दिव्यांश (मुकुल) की स्मृति में खीर, पुडी, सब्जी, मिठाई और उपस्थित बच्चों को टाई बेल्ट भी भेंट किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व युवा आयोग के सदस्य रघुराज सिंह उइके, सरपंच प्रतिनिधि राकेश राज, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज धुरवा, भाजपा युवा नेता बजरंग यादव, दिलीप पटेल, मन्नू सांई राठौर, छात्र छात्राएं एवं पालकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य पखवाड़े का हुआ आयोजन

**कोरबा।** शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा 20 जून से 30 जून तक जिले में स्वास्थ्य पखवाड़े का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य पखवाड़े के दौरान बीपी पर निःशुल्क परामर्श, बीपी जांच व परिवार नियोजन व परिवार कल्याण पर निशुल्क परार्मश व एच आई वी एड्स पर जानकारी व जागरूकता प्रदान किया गया। इसके तहत बीपी जागरूकता के अंतर्गत लोगों को जानकारी दी गई। उसी तरह से महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन के लाभ, उपाय व परिवार नियोजन के स्थाई अस्थाई साधनों की जानकारी प्रदान की गई। एचआई वी एड्स के ऊपर कोरबा क्षेत्र के ट्रक ड्राइवर और ऑपरेटरों को जानकारी प्रदान की गई। औषधि व उपचार की जानकारी प्रदान की गई। संस्था के द्वारा इस माह जरूरतमंदों की निशुल्क शुगर जांच की गई व उन्हे नियंत्रण के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया व महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य पर समझ बनाई व स्वास्थ्य संबंधित पठन सामग्री का वितरण किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिजली कनेक्शन...

बाद स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। ऐसे में एक बार फिर स्मार्ट क्लास योजना को साकार करने के लिए ऐसे स्कूलों से जानकारी ली जा रही है, जहां प्रोजेक्टर दिए गए थे और उसके माध्यम से छात्रों को विषय विशेष शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जा रहा था। शहर के स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था कुछ हद तक सफल रही, लेकिन ब्लॉक मुख्यालय के अधीन चलने वाले ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में स्मार्ट क्लास योजना सुचारू रूप से साल भर नहीं चल सकी।

### पत्नी की फावड़ा ..

जांच की गई और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को इस घटना से अवगत कराया गया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के प्रभारी अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश चंद्राकर दलबल सहित घटनास्थल पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मामले की बारीकी से जांच की गई। कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर पति ने ही मंगली बाई की हत्या की है और जंगल की ओर फरार हो गया है।

### पार्षद के हस्तक्षेप...

नाली निर्माण कार्य के पुनः प्रारंभ होने से स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने पार्षद रितु चौरसिया के इस सक्रिय और निर्णायक कदम की सराहना की है। इस कार्य से क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है और नागरिकों को राहत मिलेगी।

## लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी ने मनाया डॉक्टर्स डे

# गंभीर मरीज को जीवनदान देने में चिकित्सक की भूमिका अहम: राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा सोमवार को डॉक्टर्स एवं सीए डे के अवसर पर गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.गोपाल गोस्वामी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने की इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, सीए ला अभिषेक अग्रवाल, डॉ.चित्रसेन कांत, डॉ.पंकज कश्यप, डॉ.अजय पटेल, डॉ.मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की औपचारिकताओं के बाद क्लब के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर अपना विचार रखा व कहा कि आज कि इस भागमभाग व व्यस्तम जिंदगी में जिस प्रकार से चिकित्सक व सीए कार्य कर रहे हैं वे काबिले तारीफ हैं। इस अवसर पर डॉ.गोपाल गोस्वामी ने कहा कि क्लब के द्वारा शुरू से ही सामाजिक कार्य किये जाते रहे हैं व आज हम डॉक्टरों का सम्मान करना भी उसी कार्य का हिस्सा है। सीए अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही आज जिस प्रकार से लोगों को अपने कार्यों को सुदृढ़ बनाने व समय से बचाव करने के लिए लगभग हर वयापारी को जिस प्रकार से सीए की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार हर मरीज के इलाज के लिए डॉक्टर की जरूरत होती है। इन सभी की भागमभाग जिंदगी को देखते हुए क्लब के द्वारा जो आज सम्मान दिया गया, इसके लिए क्लब के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, सचिव ला अजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष ला अजय गर्ग, मनोज अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, मुकेश गोयल, राजू दास दीवान, भारत भूषण, सुधीर पांडेय सहित हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब के सचिव अजय श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित क्लब के पदाधिकारी एवं डॉक्टर्स।



## खबर संक्षेप



### डीएवी खरमोरा में एलकेजी के बच्चों का हुआ स्वागत

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में मंगलवार को एलकेजी के विद्यार्थियों का प्रथम विद्यालय आगमन हुआ जिनका स्वागत प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी एवं शिक्षिकों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत तिलक एवं आरती के साथ किया गया। इन नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का विद्यार्थी जीवन में स्वागत कर उनके आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय का प्रथम दिवस हर विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण दिन होता है। उसे यादगार बनाने के लिए विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों के माध्यम से तथा उनके हस्त चिन्ह को संरक्षित कर इस दिन को हमेशा के लिए यादगार बनाया गया। सेल्फी जोन में बच्चों द्वारा उनकी सेल्फी ली गई और बच्चों को नृत्य एवं संगीत द्वारा उनका मनोरंजन कराया गया और बच्चों को उनकी पसंदीदा चॉकलेट देकर उनका मुंह मीठा कराया गया। प्राचीन भारत में भी यह प्रथा रही है कि विद्यार्थी के प्रथम विद्यालय दिवस को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी जाती थी, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो। अंत में प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं एक्शन गीत के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों को पालक के हाथों सौंपा गया।

### स्कूल में किया फलदार व छायादार पौधों का रोपण



**कोरबा।** जिले भर में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में ट्रीवाड्र्स फाउंडेशन द्वारा पंपहाउस कॉलोनी स्थित बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ट्रीवाड्र्स संस्था के संस्थापक आनंद गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री गोयल द्वारा छात्रों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। स्कूल के बच्चों को जीवन में पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए श्री गोयल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पौधों के संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। स्कूल के शिक्षकों ने भी फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य केएम बिनिल, शिक्षक इरशाद आलम, शिक्षिका जानकी यादव, शाहीन खान, ट्रीवाड्र्स फाउडेशन के सदस्य संजीप गुप्ता, गनेश महत, प्रमोद चौहान उपस्थित थे।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुआ नेशनल यूथ फोरम का समापन

**कोरबा।** एजुकेशल हब, स्याहीमुड़ी स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक, कटघोरा प्रमेचंद पटेल उपस्थित हुए। अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने की। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल व वेस्टर्न रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना, राज्य सचिव कैलाश सोनी, पूर्व राज्य सचिव एवं एसईसीआर के मुख्यालय आयुक्त देवेन्द्र साकरे, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त (स्काउट) तामेश्वर उपाध्याय, पीआर एंड कम्यूनिकेशन बालको से प्रखर सिंह, सब इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता की उपस्थित रही। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। समापन समारोह का संचालन जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख एवं रेंजर राखी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। नेशनल यूथ फोरम में स्काउटिंग के नौ राज्य गोवा, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दक्षिण रेलवे चेन्नई, साउथ ईस्टर्न रेलवे पश्चिम बंगाल, ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, नार्थ फ्रंटटियर रेलवे असम से लगभग चार सौ रोवर्स, रेंजर्स (युवाओं) तथा स्टॉफ की भागीदारी हुई। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन तथा राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश पर नेशनल यूथ फोरम का आयोजन हुआ। मेजबानी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा, छत्तीसगढ़ द्वारा की गई। समस्त प्रतिभागी राज्यों, नेशनल स्टॉफ, सहयोगी कोरबा जिला सहयोग स्टॉफ तथा कोरबा के सर्विस रोवर्स, रेंजर्स को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पहली बारिश में ही खुली विद्युत विभाग की पोल, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की बदहाल विद्युत व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। पहली बारिश के फुहार पड़ते ही विद्युत व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई जब बारिश में शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। देर शाम से रात तक कई इलाकों में बिजली गुल रही जिसके चलते आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा।

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग द्वारा हमेशा दावा किया जाता है कि बारिश के पहले विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाएगा और बारिश के दौरान लोगों को बिजली को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी लेकिन विभाग की पोल इस साल फिर खुल गई। जब पहली जुलाई को जैसे ही बारिश शुरू हुई वैसे ही शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। 1 जुलाई की देर शाम को निहारिका क्षेत्र में बिजली की आंख मिचोली शुरू हुई पूरी रात जारी रही। इसके बाद भी विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई और मंगलवार की सुबह भी कई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। अलग-अलग इलाकों में रविशंकर शुक्ल नगर, शिवाजी नगर, एमपी नगर, निहारिका सहित आसपास के इलाकों में विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई। जिसके चलते आम लोगों को पानी के लिए भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना था कि बारिश के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित हुई थी।

### शहर के अलग अलग क्षेत्र में प्रभावित हुई थी व्यवस्था

**खास बात**

- देर शाम से सुबह तक शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में बिजली की आंखमिचोली रही जारी



### ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति और है खराब

पहली बारिश में ही जहां शहरी क्षेत्र के सभी इलाकों में लगातार बिजली की आंखमिचोली बदस्तूर जारी रही तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति और बदतर बनी हुई है। कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले उमरेली के समीप 33 केवी के तीन पोल धराशाही हो जाने की वजह से कई घंटे तक 50 से अधिक गांव में विद्युत व्यवस्था बाधित रही तो इसी तरह जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था लगातार बदहाल बनी हुई है।

### कई स्थानों पर पेड़ हो गए थे धराशाई

भारी बारिश कमजोर पेड़ों के सामने चुनौतियां बनी हुई है। यहां वहां पेड़ों के गिरने की घटनाएं इस मौसम में हो रही हैं। 3 दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण मंगलवार की तड़के ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड क्रमांक 13 में एक गुलमोहर का पेड़ जड़ से उखड़ कर धराशाई हो गया। इस घटना से 11 केवी लाइन को क्षति पहुंची और बड़े हिस्से की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अव्यवस्था को सामान्य करने के लिए सीएसईबी प्रबंधन ने मशीनरी के साथ मौके पर काम किया। सुबह 7 से दोपहर 12 तक यह काम किया गया। उसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

## एनटीपीसी के धनरास राखड़ बांध का मामला

# राखड़युक्त पानी से पट गए किसानों के खेत, फसल बर्बाद





खेतों में धुसा राखड़युक्त पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हो रही लगातार वर्षा से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है लेकिन कोरबा के बिजली संयंत्रों से निकली राख किसानों के लिए अभिशाप बन गई। लगातार जारी मूसलाधार बारिश से बीते दिनों एनटीपीसी के धनरास राखड़ बांध से राखड़युक्त पानी का रिसाव होने लगा। जिसके बाद प्रबंधन द्वारा बांध को क्षति से बचाने पुर्ननिर्धारित मार्ग से पानी की निकासी की गई। इसी दौरान तेज बहाव होने के कारण राखड़युक्त पानी बांध के समीप स्थित किसानों के खेतों में समाहित हो गया और कई एकड़ खेत में राखड़ पट गया।

उल्लेखनीय है कि विद्युत संयंत्रों से निकलने वाली राख कोरबा के लोगों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। लगातार हो रही बारिश की वजह से एनटीपीसी के धनरास राखड़ बांध में पानी का दबाव बढ़ने लगा जिसकी वजह से राखड़ बांध के तटबंद से राखड़युक्त पानी का बहाव होने लगा। सूचना मिलने पर एनटीपीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त तटबंद का मरम्मत कार्य शुरु किया गया। अत्याधिक बारिश की वजह से उत्पन्न आपातकाल की स्थिति को देखते हुए राखड़बांध को क्षति से बचाने के लिए प्रबंधन द्वारा पुर्ननिर्धारित मार्ग से राखड़युक्त पानी की निकासी की व्यवस्था की गई लेकिन पुर्ननिर्धारित मार्ग से अत्याधिक मात्रा में राखड़युक्त पानी को बाहर निकाला जा रहा था। यही वजह है कि कुछ दूरी पर जाकर राखड़युक्त पानी मार्ग से हटकर किसानों के खेतों में समाहित होने लगा। लगातार दो दिनों तक धनरास राखड़ बांध से निकलने वाला राखड़युक्त पानी खेतों में जाता रहा। जिसकी वजह से कई दर्जन किसानों के खेतीयुक्त भूमि पर राखड़ का पटाव हो गया। जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि ठीक खेती के समय राखड़युक्त पानी की वजह से उनकी फसल बर्बाद हो गई है। बावजूद इसके प्रबंधन द्वारा अब तक उनके फसल नुकसान को लेकर कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है।

### फिनिक्स यूथ ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन



फिनिक्स यूथ ऑर्गेनाइजेशन के संयोजक अनिल द्विवेदी ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कर एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। साथ ही किसानों के क्षतिपूर्ति का आंकलन कर मुआवजा देने के साथ राखड़ बांध बंद करने की मांग की है। फिनिक्स यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने कहा है कि अगर एनटीपीसी प्रबन्धन के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तो हमारा संगठन सड़क की लड़ाई लड़कर किसानों को उनका हक दिलाएगा।

### राखड़ बांध पूरी तरह सुरक्षित : प्रबंधन

धनरास राखड़ बांध से किसानों के खेतों में राखड़युक्त पानी समाहित होने के मामले में एनटीपीसी प्रबंधन ने अपना पक्ष रखा है कि धनरास राखड़ बांध पूरी तरह सुरक्षित है और तटबंद की उचित रख रखाव की जा रही है। राखड़ तटबंध की ऊंचाई बढ़ाने हेतु अनुमति छग पर्यावरण प्रबंधन मण्डल के द्वारा पहले ही ली जा चुकी है एवं सभी कार्य उस अनुमति एवं मानको के आधार पर ही किए जाते रहे हैं। साथ ही बांध की पेट्रोलिंग का कार्य अनवरत रूप से किया जा रहा है। बीते दिनों हुई बारिश के बावजूद तत्काल उचित कार्रवाई करके क्षति पर रोक लगाई गई। अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न आपातकाल की स्थिति में राख बांध को क्षति से बचाने हेतु पुनर्निर्धारित मार्ग से पानी को निकाला गया, जिसका कुछ हिस्सा नीचे मौजूद ग्रामीणों के खेतों में भी गया। प्रबंधन के अधिकारी रोजाना राखड़ बांध का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रबंधन राखड़ बांध के समीप निवासरत व परियोजना से प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा के लिए सतत प्रतिबद्ध है। साथ ही किसानों को होने वाले नुकसान के लिए प्रबंधन जिम्मेदार है और इसके लिए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# दो मकानों में चोरों का धावा लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने दो मकानो में धावा बोलकर हजारों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा निवासी श्रीमति रीमा नवरंगे उम्र 30 वर्ष पति राजेन्द्र नवरंगे 21 जून को अपने परिवार सहित मायके गई थी। घर की देखभाल के लिए सास ससुर को बोलकर गई थी तब मोबाईल से 30 जून को फोनकर बताया कि आपके यहां चोरी हुआ है। सामान, गैस का चूल्हा, दो सिलेंडर, दहेज का समान, चावल, दाल, सोना-चांदी, 20 हजार नगदी कैश को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी गई है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पटेलपारा में घटित हुई है। यहां निवासरत नवधा राम पटेल उम्र 36 वर्ष पिता शांतिलाल पटेल 10 मई को परिवार सहित विवाह में शामिल होने के लिए एक दिन के लिए ढोढ़ीपारा गए हुए थे। विवाह में शामिल होने के बाद नवधा की पत्नी द्वारा दो सेट सोने की हार, तीन सेट सोने का झुमका को अलमारी में सुरक्षित रख दिए थे, इन समानों के साथ चांदी का समान भी रखा हुआ था। 25 जून को पुनः विवाह में बांकीमोंगरा के लिए नवधा की पत्नी द्वारा अलमारी खोलकर देखने पर पता चला कि दो सेट सोने की हार, तीन सेट सोने का झुमका किसी व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी गई है।

# गढ़कलेवा में प्राणघातक हमला 4 नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों चौपाटी के गढ़कलेवा में आपसी विवाद को लेकर तीन युवकों पर प्राणघातक हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने 4 नाबालिग सहित 5 आरोपियों गिरफ्तार किया है। पहले ही इस मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि सरगना अब तक फरार है जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सिविल लाइन थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा द्वारा एक विशेष टीम बनाकर आरोपियों की धरपकड़ की गई जिसमें आशु चुटैल उर्फ घोडा, राहुल चौहान, धनिकेश सिंह, शनि सिंह, रोशन दास महंत, शैलेष खडिया, राहुल शर्मा, रितिक चुटैल, साहिल खान एवं लक्ष्मीनारायण देवांगन को पुलिस के द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले के अन्य फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को प्राप्त सूचना पर घेराबंदी कर काशीनगर निवासी अभिजीत गिरी उर्फ अभिषेक उर्फ बाबू मनी उम्र 23 वर्ष पिता सुनील गिरी को पकड़ा। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

* **राजपुर।** नाबालिग द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। नाबालिग द्वारा मौत से पहले छोड़े गए सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की गई है। आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया और फिर शादी से मुकर गया।

# मछुवारा डूबा नदी में, खोजने कूदा युवक, आरक्षक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरी के तेंदूकोना बस्ती का

बारिश के बाद खोलार नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने पर जाल से मछली पकड़ रहा ग्रामीण डूब गया। उसे खोजने के प्रयास के दौरान गांव का एक युवक नदी में कूद गया। जिसे बचाने के लिए वहां मौजूद सिपाही ने नदी में छलांग लगा दी और जाबांजी के साथ तेज बहाव में तैरकर उसे बचा लिया।

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के तेंदूकोना बस्ती निवासी ग्रामीण शंकर सिंह कंवर उम्र 61 वर्ष सोमवार की सुबह करीब 5 बजे खोलार नदी मछली पकड़ने गया था। सुबह करीब 8 बजे वह नदी ट्यूब में बैठकर जाल से मछली पकड़ने का काम कर रहा था इसी दौरान नदी में जलस्तर बढ़ने पर वह बहने लगा। इस दौरान नदी के आसपास ग्रामीण मौजूद थे लेकिन कोई भी पानी में उतरकर उसे बचाने की हिम्मत नहीं कर सका। गांव में घटना की जानकारी हुई तो डायल 112 को सूचना दी गई। जिसके बाद बांकीमोंगरा थाना से स्टाफ मौके पर भेजा गया। वहीं कंट्रोल रूम के जरिए नगर सेना के आपातकालीन प्रशिक्षित टीम को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम व नगर सेना के जवान वहां पहुंचे। नदी में डूबे शंकर सिंह की खोजबीन की जा रही तभी गांव का ही एक युवक राजेश कुमार यादव नशे की हालत में वहां पहुंचा और शंकर को खोजने सीधे नदी में कूद गया। जलस्तर ज्यादा होने के चलते राजेश बहने लगा। जिसे देखकर वहां मौजूद बांकीमोंगरा थाना के आरक्षक रोहित प्रताप सिंह ने जाबांजी दिखाते हुए नदी में उसके पीछे छलांग लगायी। तेज बहाव में तैरते हुए करीब 5 सौ मीटर दूर पहुंचकर राजेश को डूबने से बचा लिया। मंगलवार को मछुवारे शंकर का भी शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया है।



रोहित प्रताप सिंह

### कार के कुचलने से बालिका की मौत, बालक घायल

**भैयाथान।** ग्राम समौली में सड़क किनारे खड़े कार सवार द्वारा अचानक गेट खोल देने से पीछे से आ रहे बाइक सवार टकरा गया। दुर्घटना में सड़क पर गिरी बालिका को अज्ञात कार चालक ने कुचल दिया जिससे बालिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम कुसमुसी निवासी नंदलाल पैकरा सोमवार को 13 वर्षीय पुत्र ज्योति व भांजे आशीष को बाइक से लेकर आय जाति निवास बनवाने के लिए तहसील कार्यालय जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम समौली के समीप पहुंच तभी सड़क किनारे खड़े कार सवार ने अचानक गेट को खोल दिया जिससे बाइक सवार गेट से टकरा कर सड़क पर गिर गए।

## टीपी नगर चौक पर किया गया विरोध प्रदर्शन

# हिंदुओं को हिंसक बताने के विरोध में भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





प्रदर्शन कर पुतला दहन करते भाजपाई।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दूओं को हिंसक बताने व हिन्दू समाज का अपमान किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने टीपी नगर चौक में धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान भाजयुमो के पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर पूरे देश में विरोध हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजयुमो शहर के ट्रांसपोर्ट नगर चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस दौरान भाजयुमो के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी से हिन्दू समाज से माफी मांगने की मांग रखी। भाजयुमो के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए। इस दौरान राहुल गांधी होश में आओ, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। धरना प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, अशोक चावलानी, मनोज शर्मा, संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, रंजू यादव, पवन सिन्हा, लकी नंदा, वैभव शर्मा, बृजेश यादव, दिनेश तिवारी, संजय मानिकपुरी, राजा यादव, आशीष प्रजापति, प्रीति स्वर्णकार, दीनदयाल पटेल, राहुल शुक्ला, पिंकू रंजन, असलम सहित भाजयुमो व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

